कोटद्वार, गुरूवार
12 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 49 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नदी में बहा एक युवक, पांच सुरक्षित बचाएं

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ पैदल मार्ग में रामबाड़ा के पास नदी पार फंसे पांच युवकों को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सकुशल निकाल दिया है। रेस्क्यू टीम ने पांचों युवकों को पुलिस चौकी लिंचौली के पास सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार बीती 10 जून की रात्रि करीब 11 बजे जिला आपदा प्रबंधन द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गई कि लिंचौली के पास नदी के पार 5 युवक फंसे हुए हैं। सूचना पर पोस्ट लिंचौली से उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम तत्काल जरूरी उपकरण लेकर घटनास्थल पहुंची। रेस्क्यू करते हुए एसडीआरएफ द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) निवासी कुल 6 लोग केदारनाथ के दर्शन करने के बाद शॉर्टकट रास्ते से गरुड़चट्टी की ओर जा रहे थे। इस दौरान रामबाड़ा क्षेत्र के निकट नदी पार करते समय उनमें से एक युवक 22 वर्षीय राहुल तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ भीमबली टीम ने युवक की खोजबीन शुरू की, किंतु अत्यधिक अंधेरा व तेज बहाव के कारण युवक का कोई पता नहीं चल पाया। शेष 5 लोग नदी पार नहीं कर सके और वहीं फंस गए। एसडीआरएफ टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर डीडीआरएफ के साथ मिलकर अत्यधिक अंधेरे व विषम परिस्थितियों के चलते नदी के तेज बहाव के कारण वैकल्पिक मार्ग गरुड़चट्टी की ओर से दुर्गम रास्तों से होते हुए उक्त युवकों तक पहुंच बनाई। पांचों युवकों को टीम द्वारा सकुशल मुख्य मार्ग तक लाया गया और पुलिस चौकी लिंचौली को सौंप दिया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि सुरक्षित निकाले युवकों में विष्णु चौधरी पुत्र लोकेंद्र सिंह उम्र 20 वर्ष, कुनाल पुत्र नरेंद्र सिंह उम्र 17 वर्ष, शिभव पुत्र श्रीकांत शर्मा उम्र 21 वर्ष, महेश चौधरी पुत्र गजेंद्र सिंह उम्र 19 वर्ष, शिभव कुमार पुत्र दिनेश पालीवाल उम्र 20 वर्ष शामिल है।(एजेंसी)

### दून में मिले पांच बांग्लादेशियों को स्वदेश भेजा

देहरादून। देहरादून में अवैध तरीके से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने बीएसएफ की मदद से स्वदेश भेज दिया है। पांचों अवैध तरीके से पटेलनगर क्षेत्र में रह रहे थे, आरोपियों के पास बांग्लादेशी दस्तावेज बरामद हुए थे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि 20 और 21 मई को पुलिस ने शहर में सत्यापन अभियान चलाया था। इस दौरान पटेलनगर क्षेत्र से चार महिला, एक पुरुष बांग्लादेशी हिरासत में लिए गए थे। आरोपियों के पास भारत में रहने संबंधी कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अवैध तरीके से भारत में आए और देहरादून में रहने लगे। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आरोपियों को बांग्लादेश भेजने की कार्रवाई की गई। इस बाबत एक टीम गठित की गई थी। बीएसएसफ से संपर्क के बाद मंगलवार को सभी को बांग्लादेश बॉर्डर से बांग्लादेश की एजेंसियों के सुपुर्द कर दिया गया।

### खाई में गिरे व्यक्ति का किया रेस्क्यू

चमोली : खाई में गिरे व्यक्ति की सूचना मिलने पर फायर विभाग की टीम ने तत्काल रैस्क्यू कर उसे सुरक्षित निकाल दिया। फायर विभाग ने बताया कि चारधाम यात्रा व्यवस्था ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल सलमान हैदर ने फायर सर्विस गोपेश्वर को सूचित किया कि फायर स्टेशन से कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति गहरी खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही, फायर सर्विस गोपेश्वर के कर्मियों ने तत्काल आवश्यक उपकरणों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य प्रारम्भ किया गया। फायर सर्विस के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई में गिरे व्यक्ति को सकुशल खाई से रेस्क्यू किया। खाई में गिरने के कारण उन्हें केवल हल्की चोटें आई थीं। जिसे घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। (एजेंसी)

### हरिद्वार रोड पर डिवाइडर से टकराया ट्रक, चार घायल

देहरादून। दून– हरिद्वार रोड पर कुआंवाला के समीप बुधवार तड़के एक ट्रक के डिवाइडर से टकराने से चार लोग घायल हो गए। एसडीआरएफ ने ट्रक को कटर से काटकर बमुश्किल एक घायल को बाहर निकाला।

## निकायों के कर्मचारियों, पेंशनर्स का महंगाई भत्ता बढ़ा




देहरादून। सीएम धामी ने महंगाई भत्ता 53 से बढ़ा कर 55 प्रतिशत किए जाने को दी मंजूरी देहरादून सुभाषनगर भारूवाला ग्रांट पेयजल योजना को 27 करोड़ किए मंजूर देहरादून, मुख्य संवाददाता। निकायों के कर्मचारी, पेंशनर्स समेत पारिवारिक पेंशनर्स को मिलने वाले वेतन, पेंशन में महंगाई भत्ता बढ़ाने को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंजूरी दे दी है। महंगाई भत्ता 52 प्रतिशत से बढ़ा कर 55 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही देहरादून सुभाषनगर भारूवाला ग्रांट पेयजल योजना के लिए 27.48 करोड़ रुपए मंजूर किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत स्थानीय निकायों के पालिका केन्द्रीयत, अकेन्द्रीयत सेवा के सभी कर्मचारियों, पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है। महंगाई राहत 53 प्रतिशत के स्थान पर 55 प्रतिशत मंजूर किए जाने के प्रस्ताव को सीएम धामी ने अनुमोदन दिया। विधान सभा क्षेत्र धर्मपुर की सुभाषनगर भारूवाला ग्रान्ट पेयजल योजना को भी मंजूरी दी। योजना के लिए 27.48 करोड़ रुपए मंजूर किए गए। उधमसिंह नगर खटीमा विधानसभा क्षेत्र में 300 हैण्डपम्प के लिए 4.99 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। टिहरी गढ़वाल की तहसील घनसाली, बालगंगा क्षेत्रान्तर्गत आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, विस्थापन को 5.47 करोड़ का बजट जिलाधिकारी टिहरी को आवंटित किए जाने को भी मंजूरी दी गई। कपकोट में शिखर मूल नारायण परिसर, अलखनाथ मंदिर किलपारा, भनार बज्यैण, कांडा सिमकुना घटवरिया, शिव मंदिर सुन्दर गुफा कांडा बज्यैण मंदिर ढाई ईजर, नन्दा देवी मंदिर दोफाड को पर्यटन के रूप विकसित किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत

रुड़की। मंगलौर के नसीरपुर पुल के पास मंगलवार देर रात एक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है। मंगलवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गंगनहर पुल पर एक अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष प्रतीत होती है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, मृतक महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोगों से जानकारी मांग रही है। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही वाहन चालक को पकड़ने के साथ–साथ महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## वन विभाग ने आदमखोर गुलदार को किया ढेर



रुद्रप्रयाग : बीती रात को मखेत में महिला को मारने वाले गुलदार को वन विभाग ने ढेर कर दिया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की क्विक रेस्क्यू टीम (क्यूआरटी) जैसे ही मखेत घटनास्थल की ओर जा रही थी कि मखेत गांव से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर सड़क पर गुलदार दिखाई दिया। टीम ने गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास किया, किंतु गुलदार ने टीम पर ही हमला करने का प्रयास किया, जिसके बाद टीम क्यूआरटी द्वारा गुलदार को मौके पर ही गोली से मार दिया। बता दें कि जखोली ब्लॉक के मखेत गांव के आश्रम नामक तोक में मंगलवार सांय 7:30 बजे गुलदार ने 65 वर्षीय रामेश्वरी देवी पत्नी कैलाश सिंह बुटोला को मार डाला था। जिसकी सूचना मिलते ही रात करीब साढ़े 12 बजे से एक बजे के बीच वन विभाग की क्विक रेस्क्यू टीम मौके के लिए रवाना हुई। इस बीच टीम का मखेत के पास गुलदार से सामना हुआ, गुलदार के हमलावर रुख को देखते हुए टीम ने मौके पर ही गुलदार को मार गिरा दिया। वन विभाग के जखोली क्षेत्र के उप प्रभागीय वनाधिकारी दिवाकर पंत ने बताया कि रात साढ़े 12 से 1 बजे क्यूआरटी के मखेत जाते हुए गुलदार के हमला करने प्रयास के दौरान सेल्फ डिफेंस में क्यूआरटी ने गुलदार को मार गिराया। उन्होंने बताया कि रात में ही कुछ लोगों को गुलदार दिखा था। प्रथम दृष्टया गुलदार वहीं है जिसने हमला किया है। बुधवार को गुलदार का स्यालसौड़ में दो पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया है। जिसके बाद पीएम रिपोर्ट और मारी गई महिला के सैम्पल को मिलान के लिए भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि एनटीसीए की वर्ष 2019 की गाइडलाइन के अनुसार गुलदार के शव का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। इसलिए गुलदार के शव को सार्वजनिक नहीं किया गया। रात को ही गांव के करीब 15 लोगों को गुलदार के मरने की पुष्टि के लिए शव दिखाया गया था। (एजेंसी)

### गुलदार ने बाइक सवार दो युवकों को किया जख्मी

उत्तरकाशी। अपर वन यमुना प्रभाग बड़कोट के मुंगरसन्ति रेंज के नौगांव क्षेत्र में गुलदार के आतंक की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार सांय को नौगांव के सौली बैंड के पास बाइक सवार दो युवकों पर गुलदार ने हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल दोनों युवकों को सीएचसी नौगांव पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय को बाइक सवार युवक विनित चौहान निवासी मनोगी नैनबाग और विवेक रावत निवासी पौंटी गांव तहसील बड़कोट अपने घर को जा रहे थे। इसी दौरान घात लागए गुलदार ने उन पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। इससे स्थानीय लोगों में वन विभाग पर रोष व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नौगांव क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी गुलदार चार लोगों को जख्मी कर चुका है, जिससे कि क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के साथ ही क्षेत्र में गशत बढ़ाने की मांग की है। इनका कहना है.. नौगांव क्षेत्र में रात्रि में पेट्रोलिंग टीम गशत मारकर पूरे क्षेत्र में निगरानी की जा रही है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 12 जून को पहुंचेंगे मसूरी

**–लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को करेंगे संबोधित**
**–प्रशिक्षण में 19 राज्यों के 97 अधिकारी शामिल**



देहरादून। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला वीरवार 12 जून को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को संबोधित करेंगे। वह सुबह पौने दस बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इसके बाद 11 बजकर 30 मिनट पर मसूरी पहुंचेंगे। लोकसभा अध्यक्ष उसी दिन दिल्ली वापस लौट जाएंगे। गौरतलब है कि मसूरी स्थित प्रशासनिक अकादमी में 127वां इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम राज्य सिविल सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत अधिकारियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम में 19 राज्यों की सेवाओं से प्रोन्नत 97 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें 73 पुरुष अधिकारी और 24 महिला अधिकारी हैं। यह कार्यक्रम 'विकसित भारत @2047 की राष्ट्रीय दृष्टि और 'मिशन कर्मयोगी' के रूपांतरणीय लक्ष्यों से प्रेरित होकर अधिकारियों को राज्य–स्तरीय प्रशासनिक भूमिकाओं से राष्ट्रीय–स्तर की नेतृत्वकारी जिम्मेदारियों में सुगम रूपांतरण के एक सुव्यवस्थित मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य नीति निर्माण, अंतर–क्षेत्रीय समन्वय और संस्थागत नेतृत्व के लिए नैतिक, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवकों का निर्माण करना है। यह कार्यक्रम सात प्रमुख विषयगत स्तंभों सुशासन, व्यक्तित्व विकास, सहयोगात्मक अधिगम, प्रौद्योगिकी, नेतृत्व अंतर्दृष्टि, उद्यमिता, और क्षेत्रीय अवगाहन पर आधारित है।

### शादी करके लौट रहे दूल्हा–दुल्हन समेत 5 बारातियों की मौत

जयपुर,राजस्थान के जयपुर में बुधवार सुबह एक ट्रक और जीप में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 8 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। हादसा सुबह 6:10 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–148) दौसा–मनोहरपुर पर रायसर के भटकाबास गांव के पास हुआ है। हादसे के समय जीप पर दूल्हा–दुल्हन और बाराती सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए और मृतकों के शव गाड़ी में फंस गए। मध्य प्रदेश के शहडोल से दूल्हा विक्रम मीणा (25) अपनी पत्नी भारती (18) के साथ बारात लेकर जीप से झुंझनूं के उदयपुरवाटी लौट रहे थे। जीप पर 14 से 15 लोग सवार थे। जैसे ही जीप भटकाबास गांव के पास पहुंची, सामने से आ रहे ट्रक से जीप भिड़ गई। हादसे में दूल्हा विक्रम और दुल्हन भारती समेत 5 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

## संसार से विरति और प्रभु में रति ही सन्यासः स्वामी रामदेव



ऋषिकेश। योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि संसार से विरति और प्रभु में रति ही संयास है। संयास, अनंत की यात्रा है। संयास अर्थात प्रभु को अपनी अंगुली पकड़ा दो वो जहां चाहें ले जाएं। ये बातें उन्होंने बुधवार को ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम की अंतर्राष्ट्रीय निदेशिका साध्वी डॉ. भगवती सरस्वती के 25वें संयास दीक्षा रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही। परमार्थ निकेतन में आयोजित समारोह में संतों ने साध्वी डॉ. भगवती सरस्वती को संयास दीक्षा रजत जयंती पर शुभाकामनाएं दीं। स्वामी रामदेव ने कहा कि साध्वी भगवती प्रभु की सभी दैवीय संपदा को जी रही हैं। संयास अर्जित करना नहीं अर्पित करना है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारतीयता और सनातन को पूरे विश्व में प्रसारित करने के लिए साध्वी भगवती का जीवन सतत प्रयत्नशील है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि साध्वी भगवती ने हॉलीवुड में जन्म लिया और स्टैनफोर्ड विवि में शिक्षा ग्रहण की। भारत घूमने आईं और भारत की ही होकर रह गईं। साध्वी भगवती को आज से 28 वर्ष पूर्व मानसरोवर की धरती पर 351 विभूतियों के पावन सान्निध्य में स्वामी गुरु शरणानंद महाराज ने भगवती नाम दिया और संयास दीक्षा प्रदान की। महामण्डलेश्वर स्वामी राजेन्द्र दास ने कहा कि साध्वी भगवती मन, वाणी और क्रिया से अपने को संत, राष्ट्र, समाज की सेवा के लिये समर्पित हैं। इसमें सदैव विस्तार होता रहे। महामण्डलेश्वर स्वामी रविन्द्र पुरी ने विदुषी साध्वी भगवती सरस्वती को सन्यास दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि शक्ति के बिना शिव अधूरे हैं। जब यह समझ में आता है, वही संयास है। महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानन्द ने कहा कि कई जन्मों का संस्कार, सनातन के प्रति निष्ठा ही साध्वी भगवती को समुद्र पार से भारत ले आयी। ये सन्यास दिवस उत्सव पूरी दुनिया के लिये एक प्रेरणा है कि भारत में कर्म का भी उत्सव मनाया जाता है। डॉ. भगवती सरस्वती ने कहा कि मैंने अमेरिका में रहते हुए बचपन में कभी सोचा भी नहीं था कि इतना दिव्य, पवित्र संसार भी हो सकता है, लेकिन मां गंगा और गुरु कृपा से यह जीवन हमें मिला है। शरीर हड्डियों और रक्त से बनाता है, परन्तु जीवन संतों की कृपा से बनता है।

## अमरनाथ यात्रा 2025: भक्तों के लिए जम्मू–कश्मीर की 250 बसें तैनात की जाएगी



श्रीनगर,अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हो रही है. इसलिए जम्मू–कश्मीर के अधिकारी जम्मू से कश्मीर घाटी तक तीर्थयात्रियों को ले जाने के लिए जम्मू–कश्मीर सड़क परिवहन निगम (जेकेआरटीसी) की यात्री बसों का एक बेड़ा तैनात करेंगे. देश के विभिन्न राज्यों से लोग जम्मू के भगवती नगर में यात्री निवास पहुंचते हैं. यहां वे अपना रजिस्ट्रेशन करवाते है. इसके बाद सुरक्षा जांच होती और उन्हें श्रीनगर के बाहरी इलाके पंथाचौक में ट्रांजिट कैंप में ले जाया जाता है.

इस ट्रांजिट कैंप से यात्रियों की जांच की जाती है और फिर उन्हें बालटाल और पहलगाम मार्गों से हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा तक पहुंचाया जाता है. जम्मू–कश्मीर सरकार के सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार सरंगल ने कहा कि निगम ने 250 बसों का बेड़ा रखा है, लेकिन 'हम यात्रियों की संख्या के आधार पर संख्या कम या ज्यादा कर सकते हैं.' आरटीसी के पास करीब 500 बसों का बेड़ा है जो केंद्र शासित प्रदेश के 20 जिला मार्गों पर चलती हैं. तीन जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाली यात्रा अवधि के दौरान, आरटीसी को अमरनाथ यात्रियों के लिए अपने बेड़े से बसों की संख्या में कटौती करनी पड़ती है. राकेश कुमार ने बताया, 'हमारे पास करीब 500 बसों का बेड़ा है. उनमें से आधी बसों को सार्वजनिक परिवहन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा. यात्रा की शुरुआत से ही बसें सैकड़ों यात्रियों को लेकर भगवती नगर कैंप से श्रीनगर–जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से सुरक्षा काफिले के बीच श्रीनगर ले जाती है. इनकी सुरक्षा जम्मू–कश्मीर पुलिस के जवान और अर्ध सैनिक बल करते हैं. किसी बस के खराब होने की स्थिति में काफिले के साथ बैकअप के तौर पर अतिरिक्त बसें तैनात की जाती हैं ताकि यात्रियों को परेशानी न हो. 38 दिवसीय यात्रा 3 जुलाई को शुरू होगी और 9 अगस्त को समाप्त होगी. पूरे भारत से भक्तों के दो मुख्य मार्गों से यात्रा करने की उम्मीद है. इनमें से पहला अनंतनाग जिले के पहलगाम से 48 किलोमीटर का पारंपरिक पहाड़ी मार्ग और दूसरा रास्ता गंदेरबल जिले के बालटाल से 14 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई वाला है. यात्रियों के आगमन के लिए पंथाचौक ट्रांजिट कैंप में तैयारियां जोरों पर हैं.

### उत्तराखंड में ट्रेन पलटाने की बड़ी साजिश विफल

हल्द्वानी, उत्तराखंड में असामाजिक तत्वों द्वारा रेल हादसा कराने का प्रयास किया गया है. गनीमत रही कि उस दौरान पटरी से कोई ट्रेन नहीं गुजरी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था. ये मामला लालकुआं–काशीपुर रेलमार्ग का है. रेल पलटाने की साजिश का समय रहते खुलासा होने से रेल अधिकारियों ने राहत की सांस ली है. लालकुआं काशीपुर रेल मार्ग पर असामाजिक तत्वों द्वारा रेल पटरी से छेड़छाड़ करने का एक बार फिर प्रयास किया गया है. घटना के बाद रेल महकमे में हड़कंप मच गया. सूचना के बाद मौके पर पहुंची रेलवे प्रशासन के टीम और जीआरपी पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रेलवे लाइन को ठीक किया है. घटना लालकुआं–काशीपुर रेल खंड के समीप गूलरभोज रेलवे स्टेशन के पास की बताई जाती है. गूलरभोज रेलवे स्टेशन से लगभग 300 मीटर आगे पोल संख्या– 38 व ठंडी नाला के बीच में रेल पटरियों से लगी हुई लोहे की अर्थिंग पत्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा खोलकर रेलवे ट्रैक पर रखा गया था. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना प्रभारी जीआरपी काठगोदाम द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ जाकर मुआयना किया गया. इस दौरान रेलवे की टेक्निकल टीम ने रेल लाइन को ठीक किया. घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है.

## प्रियंका गांधी को केरल हाई कोर्ट ने तलब किया



नईदिल्ली,केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी को केरल हाई कोर्ट ने भाजपा नेता नव्या हरिदास की एक याचिका को लेकर समन किया जारी किया है। याचिका में हरिदास ने नवंबर 2024 में हुए लोकसभा उपचुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। उन्होंने गांधी की जीत की अवैध घोषित करने की मांग की है। न्यायमूर्ति के बाबू ने हरिदास की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार कर ली और गांधी को तलब किया है।

मामले की सुनवाई अगस्त में होगी।

बार एंड बेंच के मुताबिक, हरिदास ने याचिका में आरोप लगाया है कि गांधी ने चुनावी हलफनामे में अधूरी और गलत जानकारियां दी हैं। उनका आरोप है कि गांधी ने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा के स्वामित्व वाली कई अचल संपत्तियों के साथ विभिन्न निवेश और चल संपत्तियों का पूरा विवरण नहीं दिया है। साथ ही आरोप है कि गांधी ने मतदाताओं को गुमराह किया है और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डाला है। लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल की वायनाड सीट पर राहुल गांधी ने जीत दर्ज की थी। राहुल ने रायबरेली सीट चुना और वायनाड सीट छोड़ दी। इसके बाद नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव में वायनाड से उनकी बहन प्रियंका गांधी ने चुनाव लड़ा।

## कर्नाटक में कांग्रेस नेताओं पर ईडी का एक्शन! वाल्मीकि घोटाले से जुड़ा है कनेक्शन




बेंगलुरु,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) जांच के तहत बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि तुकाराम और तीनों विधायकों के परिसरों पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है.इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी (बेल्लारी शहर), जे एन गणेश (कांपली) और एनटी श्रीनिवास (कुडलिगी) से संबंधित आवास शामिल हैं. गणेश के निजी सहायक के घर पर भी छापेमारी की खबरें हैं. सूत्रों से पता चला है कि छापेमारी अभी भी जारी है. सूत्रों ने कहा कि यह तलाशी अभियान कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को "फर्जी खातोंझ्झ् में भेजने तथा फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदलकर चुनाव खर्च में इस्तेमाल के आरोपों के संबंध में सबूत जुटाने के उद्देश्य से चलाया गया. यह मामला 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अवधि के दौरान निगम के फंड से 18 निजी बैंक खातों में 85 करोड़ रुपये के कथित हस्तांतरण के इर्द–गिर्द घूमता है. आरोप है कि इस धन को 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान बेल्लारी सीट के मतदाताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में वितरित किया गया. धन शोधन का मामला 2024 में कर्नाटक पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकियों से सामने आया है. प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को "फर्जी खातोंझ्झ् में भेजा गया और फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदला गया.

### प्रधानमंत्री मोदी से मिलने से पहले करानी होगी कोरोना वायरस की जांच

नईदिल्ली,कोरोना वायरस के बढ़ते मरीजों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले मंत्रियों के लिए कोरोना की जांच अनिवार्य कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर किसी मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय लिया है, तो उसे पहले आरटी–पीसीआर जांच करानी होगी। रिपोर्ट नकारात्मक आने के बाद ही मंत्रियों को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने दिया जाएगा। यह आदेश सांसदों और अधिकारियों पर भी लागू होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अभी मास्क अनिवार्य नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दिल्ली में भाजपा के सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात से पहले सभी सांसदों, विधायकों और भाजपा नेताओं को कोरोना जांच कराने की सलाह दी गई है। इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री ने विदेश दौरे से लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की थी, जिनकी कोरोना जांच कराने की बात सामने आई थी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।

## पूरे उत्तर भारत में लू का कहर जारी



नईदिल्ली, पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और इस सप्ताह कहीं भी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे। देश की राजधानी में मंगलवार (10 जून) को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, जबकि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार और मध्य प्रदेश में धरती आग उगल रही है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 11 जून को कई राज्यों में लू का अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। राजस्थान में दिनभर रहने वाली तपिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और 10 जून को श्रीगंगानगर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47.3 डिग्री दर्ज किया गया। 11 जून को भी इससे कोई राहत नहीं मिलने वाली है।

राज्य के उत्तर और पश्चिमी इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि प्रदेश की राजधानी जयपुर में पारा 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। 14 जून तक इसमें कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। उत्तर प्रदेश में इन दिनों गर्मी कहर बरपा रही है। मंगलवार को सबसे ज्यादा तापमान झांसी में 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को कुछ इलाकों में इससे राहत मिल सकती है। प्रदेश के 14 जिलों में हल्के बादल छाने की संभावना है, जबकि 17 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

बिहार के उत्तरी इलाकों में और मध्य प्रदेश में कुछ जगहों पर बारिश के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। दिल्ली एनसीआर भीषण गर्मी की चपेट में है और मंगलवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, जब अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक है। मौसम साफ रहने, तेज धूप और उमस के चलते हीट इंडेक्स 47.1 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे लोगों को भयंकर गर्मी का अहसास हुआ। आईएमडी के मुताबिक, बुधवार को अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 29 डिग्री के आस–पास रहने की संभावना है। इस दौरान लू के थपेड़े झुलसाएंगे।

## एक नजर

### गढ़वाल विवि को यूजीसी-नेट का परीक्षा केंद्र बनाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के छात्र हितों से जुड़ी मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रीनगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कुलपति से वार्ता कर ज्ञापन प्रेषित सौंपा। छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा, महिपाल बिष्ट ने छात्रों की सुविधा को देखते हुए गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में शीघ्र ई-रिक्शा का संचालन शुरू किए जाने की मांग की। उन्होंने गढ़वाल विवि प्रशासन से राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से वार्ता करते हुए गढ़वाल विवि को यूजीसी-नेट का परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग की है, जिससे छात्रों को अन्य राज्यों की ओर दौड़ न लगानी पड़े। उन्होंने छात्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को मेडिकल सुविधाएं प्रदान किए जाने, पुस्तकालय में नई शिक्षा निति के तहत पाठ्यक्रम की पुस्तकें शीघ्र उपलब्ध करवाये जाने, चौरास खेल मैदान एवं संपूर्ण परिसर में स्ट्रीट लाइट लगाये जाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर पंकज फरस्वाण, पीयूष नौटियाल, सारांश बर्त्वाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### पंचायत चुनाव : आरक्षण निर्धारण हेतु समय सारणी प्रसारित

चमोली : ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के स्थानों और पदों के आरक्षण निर्धारण हेतु समय सारणी प्रसारित की गयी है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि पंचायती राज अनुभाग देहरादून के शासनादेशों के क्रम में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के स्थानों और पदों के आरक्षण निर्धारण हेतु समय सारणी प्रसारित की गयी है। समय सारणी के अनुसार पंचायती राज विभाग द्वारा 11 जून तक प्रधान पदों की संख्या का विवरण उपलब्ध कराना और 13 जून को आरक्षण प्रस्तावों का अनन्तिम प्रकाशन, 14 व 15 जून को आरक्षण प्रस्तावों पर आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। 16 एवं 17 जून को जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और 18 जून को आरक्षण प्रस्तावों का अन्तिम प्रकाशन करते हुए 19 जून को आरक्षण प्रस्ताव निदेशालय को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### नन्दा राजजात से पहले जरूरी सुविधाएं जुटाने की उठाई मांग

चमोली : मंदिर समिति नन्दा देवी लाता, देवरा समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने नन्दा राजजात से पहले पैनखंडा की अधिष्ठात्री देवी लाता की मां नन्दा देवी मंदिर व इसके आसपास आवश्यक बुनियादी सुविधायें जुटाने की मांग की। इस संदर्भ में बुधवार को समिति ने एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा है।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में लोगों ने कहा कि वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार सिद्धपीठ लाता की नन्दा देवी के मंदिर में वैदिक अनुष्ठान एवं पूजा संपन्न के बाद ही जोशीमठ पैनखंडा क्षेत्र में नन्दा राजजात शुरू होती है। कहा कि होने जा रही नन्दा जात में हजारों की संख्या में भक्त लाता की मां नन्दा देवी के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर मनौतियां मांगते हैं। समिति ने जिलाधिकारी से लाता सड़क में जल्द डामरीकरण करने, मंदिर के प्रारंभ में भव्य प्रवेश द्वार बनाने, वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग का निर्माण करने, पूरे पैदल मार्ग का सौन्दर्यकरण करने, पैदल व गांव तक के सड़क मार्ग में पथ प्रकाश, पेयजल की व्यवस्था करने, मंदिर परिसर में स्थित धर्मशाला में यात्रियों की सुविधा के लिए फर्नीचर व्यवस्था करने, मंदिर के निकट टीन सैल्टर, आवश्यक शौचालय बनाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में गबर सिंह रावत, प्रेम सिंह पंवार, लक्ष्मण बुटोला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. बडोनी का निधन

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय में तैनात आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. मनोज बडोनी के निधन से सम्पूर्ण जनपद को क्षति पहुंची है। उन्होंने रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय में साढ़े दस सालों तक सेवाएं दी है। इस बीच हड्डी रोग से जुड़े मरीजों के साथ डॉ. बडोनी सरल एवं आत्मीय संबंध रखते थे, जिस कारण उनकी हर कोई प्रशंसा करता रहा है। उनके निधन से हर कोई दुःखी है।

इधर, पोस्टमार्टम रिर्पोट में डॉ. बडोनी की मौत की पुष्टि हृदय गति रुकने से हुई है। 22 नवम्बर 2014 को डॉ. मनोज बडोनी ने रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय में कार्यभार संभाला। इसके बाद उन्होंने कई सालों तक जिला चिकित्सालय में सेवाएं दी।

# आईएचएमएस में मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### योग समिति ने किया मैदान का निरीक्षण, कालेज प्रबंधन ने की तैयारियां शुरु



आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** महिला पतंजलि योग समिति की ओर से इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आईएचएमएस कालेज के मैदान में भव्य रुप से आयोजित किया जाएगा। समिति और कालेज प्रबंधन ने आयोजन को लेकर तैयारी शुरु कर दी है। महिला पतंजलि की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शोभा रावत ने कालेज के मैदान का निरीक्षण करते हुए मैदान में समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि इस वर्ष 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए आईएचएमएस कालेज का मैदान चयनित किया गया है। कहा कि कालेज का प्रदूषण रहित शांत वातावरण है, जो कि योग के लिए उपयुक्त है। मैदान में हरी दूब होने के कारण साधकों को योग करने में आसानी रहेगी। इसके साथ ही कालेज में मुख्य मंच से लेकर अन्य सभी सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि योग समिति के सभी सदस्यों को 21 जून को अनिवार्य रुप से कालेज परिसर में पहुंचने की जानकारी दें, जिनको छुट्टी मनाने जाना है, वे अभी से चली जाएं। ताकि वे 21 जून को योग महोत्सव में समय पर पहुंच सके। शोभा रावत ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन आईएचएमएस मैदान में आयोजित योग समारोह में साधकों को अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया जाएगा। विभिन्न योग कक्षाओं की योग साधिकाएं योग के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने पतंजलि योग समिति से जुड़ी महिला साधकों और योग प्रेमी क्षेत्र की जनता से 21 जून को सुबह छह बजे आईएचएमएस कॉलेज के मैदान में पहुंचने की अपील की है।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखें भाषा कौशल के गुर



आयोजित समर कैंप में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत पीएम श्री जीआइसी बल्ली में चल रहे किताब क्लब समर कैंप का छठा दिन बुधवार को बच्चों के लिए ज्ञान, अभिव्यक्ति और रचनात्मकता से भरपूर रहा।

प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल ने बताया कि प्रथम सत्र में बच्चों ने पठन से जुड़ी मूलभूत भाषा-कौशल सीखे तथा सार्वजनिक रूप से बोलने की बुनियादी युक्तियां जानीं। इसके पश्चात दौड़ और अन्य शारीरिक गतिविधियां कराई गईं, जिससे विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार हुआ। साथ ही दिन की विशेष गतिविधि साइलेंट रीडिंग और ग्रुप रीडिंग रही, जिसमें बच्चों ने किताब क्लब द्वारा उपलब्ध कराई गई, पुस्तकों के आधार पर समूहों में नाटक तैयार किए। द्वितीय सत्र में बच्चों ने वेस्ट मैटीरियल आर्ट के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई। सत्र के अंत में बच्चों ने पढ़ना उनके लिए क्या मायने रखता है, विषय पर अपनी भावनाओं को शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया। इस दौरान समन्वयक उषा नेगी, मालती नेगी व किताब क्लब के टीम लीडर आयुष प्रियम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नहर क्षतिग्रस्त होने से अधर में लटका रोपाई का कार्य

उत्तरकाशी। पुरोला ब्लॉक के रामा सिराईं, कमल सिराईं में धान की रोपाई चरम पर है, किसानों के प्रति संवेदनशील होने के सरकार के दावे तब दम तोड़ते नजर आते हैं, जब क्षेत्र के किसानों की धान की पौध तैयार हो, लेकिन नहरों की बदहाली से खेत सूखे हों जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

मामला पुरोला ब्लॉक के करड़ा, मैराणा के दराऊनामे तोक में लघु सिंचाई की दशकों पूर्व बनी नहर की खस्ताहाल से काश्तकारों की धान रोपाई का कार्य अधर में लटका है। जहां काश्तकार तैयार धान की बीजाड़ को लेकर खासे चिंता में हैं कि सिंचाई नहर में अगर पानी नहीं चला तो कैसे रोपाई होगी। क्षेत्र के काश्तकार जयेंद्र सिंह,केदार सिंह, प्रताप सिंह रावत, गब्बर सिंह, दीवान सिंह, जगमोहन, शैलेन्द्र सिंह आदि ग्रामीणों ने लघु सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन नहर की हालात जस के तस पड़ी है उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों पूर्व यंहा लिफ्टिंफ योजना बनी नहर बनाई गयी लेकिन काश्तकारों को सिंचाई का लाभ नही मिला जबकि पिछले वर्ष नहर के मुयाने पर चेकडैम बनाकर प्लास्टिक के पाइप से अस्थायी व्यवस्था बनाई गई थी मरम्मत के नाम से कई बार सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया लेकिन नहर की दशा जस के तस बनी है। वहीं धान की रोपाई का सीजन चरम पर है, लेकिन लघु सिंचाई के पास नहर को सुचारू करने के लिए बजट नही है।

ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से फिलहाल रोपाई करने को अस्थायी व्यवस्था करने को गुहार लगाई, लेकिन विभाग के पास अस्थायी व्यवस्था के लिए प्लास्टिक पाइप तक की व्यवस्था नहीं है।

# पेयजल समस्या के निराकरण को गंभीरता से हो रहे कार्य : ऋतु

### भाबर क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुर में हुआ नलकूप का लोकार्पण



कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में नलकूप का लोकार्पण करती विस अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल समस्या के निर-ाकरण को लेकर गंभीरता से कार्य किए जा रहे हैं। कहीं भी पेयजल किल्लत न हो इसके लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 35 त्रिलोकपुर के श्रीरामपुर क्षेत्र में नलकूप का लोकार्पण किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वार्डवासियों से बेहतर विकास का वादा किया। कहा कि त्रिलोकपुर के श्रीरामपुर क्षेत्र में बनाए गए इस नलकूप से लोकमणिपुर, जयदेवपुर, मनदेवपुर, दलीपपुर, गंदरियाखाल व अंबेड़कर नगर के करीब 1800 परिवार को पेयजल उपलब्ध होगा। कहा कि वार्ड में अब तक 19 करोड़ के कार्य धरातल पर हो चुके हैं। दस किलोमीटर सिंचाई नहर का निर्माण, हाथी सुरक्षा दीवार का निर्माण, विद्यालयों का सौदर्यीकरण सहित अन्य कार्य किए गए हैं। बताया कि 2022 से अब तक उन्होंने लगभग 10 नलकूपों का उद्घाटन कोटद्वार क्षेत्र में किया है। कोटद्वार में पानी एक बहुत बड़ी समस्यां है, जिस पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बताया कि सरकार की ओर से वार्ड नंबर 04 से 26 तक पेयजल योजना का लगभग 373 करोड़ की लागत से कार्य चल रहा है। जल्द ही भाबर में भी इसी तरह की एक बड़ी योजना के साथ पेयजल की समस्याओं से कोटद्वार को आने वाले 50 सालों तक के लिए मुक्त करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद राजेंद्र सिंह, रजनीश बेबनी, विवेक भारती, राजेन्द्र सती, दिनेश सती, कांता सैलवाल, कमला सती, सुमिति जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों की मदद के लिए दिए एक लाख

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दिव्यांगों की मदद के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने भारती देवी एजुकेशनल फाउंडेशन संस्था को एक लाख रुपये की धनराशि दी है। बुधवार को विस अध्यक्ष संस्था के भवन में पहुंचकर वहां रह रहे दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की। कहा कि संस्था बच्चों के बेहतर विकास के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दिव्यांग बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं, वह भी इस समाज का एक अभिन्न अंग हैं। जिन्हें समाज में रहकर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने का पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया इस से पूर्व भी जो भी संस्था द्वारा उन्हें बताया गया उन्होंने उस पर कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्था के मंडल अध्यक्ष आशीष रावत, फाउंडर कमलेश कुमार, इंचार्ज रिनी लखेड़ा, हेमा जदली, मानसी भट्ट, रिंकी, विनोद धूलिया, नवल किशोर आदि मौजूद रहे।

## Notice

I, PUNYA PRAKASH KHARKWAL S/o BHUVNESH PRASAD KHARKWAL, R/o HNB Marg, Lower Kalabarh, Kotdwara, PO: Kotdwara, Dist: Pauri Garhwal, Uttarakhand-246149, declare that name of my father has been wrongly written as BHUVNESH KHARKWAL in my Passport No. L9481735, Correct name of my father is BHUVNESH PRASAD KHARKWAL.

# पशु पालन से जुड़कर आर्थिकी को मजबूत बनाएं ग्रामीण



रिखणीखाल प्रखंड के ग्राम दियोड़ में आयोजित पशु प्रदर्शनी में अपने मवेशियों को लेकर पहुंचे ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रिखणीखाल के ग्राम पंचायत कांडा स्थिति दियोड़ा में पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि योजनाओं से जुड़कर ग्रामीण अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकते हैं।

आयोजित पशु प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी ने किया। कहा कि पहाड़ों में ग्रामीणों की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण बेहतर स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं। आज कई ग्रामीण पशुपालन के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिकी को मजबूत बना रहे हैं। क्षेत्र प्रसार अधिकारी हर्षमोहन सिंह नेगी ने ग्रामीणों को पशुओं की देखरेख के प्रति जागरूक किया। कहा कि समय-समय पर पशुओं की देखरेख होनी आवश्यक है। उन्होंने पशुओं में होने वाली बीमारियों ओर उनके घरेलू उपायो के माध्यम से उपचार की जानकारी दी।

कार्यशाला में जवाडियूं रौला, दियोड़, बीरोबाड़ी, कांडानाला, भैंसारौ, बसुसेरा (नैनीडांडा) आदि गांवों के पशुपालक अपने-अपने गौवंश के साथ उपस्थित रहे। इस मौके पर डा. विपुल जैन, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत, फार्मेसी अधिकारी मुकेश सिंह, लक्ष्मण सिंह नेगी, कुलदीप सिंह, चंद्रमोहन सिंह नेगी, अनिल नेगी, रोशन नेगी, लक्ष्मण सिंह, सत्यपाल सिंह, सुनील सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## संस्कृति के उत्थान का प्रतीक है हिंदू साम्राज्य दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू साम्राज्य दिवस को आत्मसम्मान व संस्कृति के उत्थान का प्रतीक बताया गया। कहा कि शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में इस दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के प्रांत विद्यार्थी प्रमुख शीलनिधि ने किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने हिंदू पद पादशाही की नींव डाली।

उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश व स्वराज के लिए समर्पित कर दिया था। कहा कि वे एक कुशल प्रशासक रहे है और उन्होंने स्वयं सेवकों से राष्ट्रीय हित को सर्वोपरी मान अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। इस मौके पर जिला संघ चालक विष्णु, बीएस रावत, संजय, संदीप, जितेंद्र रावत, अरविंद दुदपुडी, राजेश, खेम सिंह, नरेश, योगेश मौजूद रहे।

## तीरंदाजी में छाए कोटद्वार के खिलाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नैनीताल में पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कोटद्वार के तीरंदाज छाए रहे। कोटद्वार के राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम प्रभारी श्याम सिंह डांगी व तीरंदाजी कोच हेमंत राठी ने बताया कि सब जूनियर रिकर्व बालक वर्ग में रूद्रांश भंडारी व बालिका वर्ग में अनन्या बिष्ट को स्टेट चैंपियन घोषित किया गया। सब जूनियर रिकर्व बालक वर्ग में रूद्रांश भंडारी, सानिध्य भंडारी, आदर्श व आराध्या भारद्वाज की टीम ने रजत पदक जीता। जबकि बालिका वर्ग में अनन्या बिष्ट, दिव्यांशी भंडारी व श्रेया की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। सब जूनियर कंपाउंड टीम बालक वर्ग में नवनीत सिंह, ऋषभ बिष्ट, लक्षित चौधरी ने रजत पदक जीता। बालिका वर्ग में वैष्णवी पांथरी, श्रुति, अवनी रावत व यहावी ने स्वर्ण पदक जीता। सीनियर रिकर्व टीम बालक वर्ग में अमन, राहुल, आदर्श, सानिध्य भंडारी ने रजत पदक और बालिका वर्ग में अनन्या बिष्ट, दिव्यांशी भंडारी व रूचि कंडारी ने स्वर्ण पदक जीता। सीनियर कंपाउंड टीम बालक वर्ग में मोहन भारद्वाज, नवनीत सिंह, तुषार चौधरी, आभास बिष्ट ने स्वर्ण पदक जीता। बालिका वर्ग में वैष्णवी, अनुराधा भारद्वाज, कुनिका व श्रुति ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप कुमार डुकलान, शिवम सिंह रावत मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमित रावत निवासी न्यू प्रताप नगर, नजीबाबाद रोड़, कोटद्वार गढ़वाल वाला नशोखोर प्रवृत्ति का हो चुका है और मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है, अपितु अभद्र व्यवहार करता आ रहा है, जिस कारण मैंने अमित रावत को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अमित रावत से अब मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। ऐसी स्थिति में जो कोई भी व्यक्ति या संस्था अमित रावत के साथ कोई लेन-देन करते है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं उन्हीं की होगी।

**सूरत सिंह रावत पुत्र स्व. अवतार सिंह रावत निवासी न्यू प्रताप नगर, वार्ड नं. 9, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

# सूख रहे धारों, नौलों, सहायक नदियों की जानकारी भागीरथ एप्प में साझा करें




डीएम संदीप तिवारी कार्यशाला को संबोधित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जल संरक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत जल उत्सव पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जल उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्त्रोतों के संरक्षण, जल के पुनर्भरण और सतत उपयोग के प्रति आम जनमानस में जागरूकता फैलाना है। जल उत्सव के दौरान धारा मेरा, नौला मेरा, गांव मेरा, प्रयास मेरा थीम को केन्द्र में रखते हुए पारंपरिक जल स्त्रोतों, जिसमें धारो, नौलों, गधेरों को पुनर्जीवन देने हेतु आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक उत्तरदायित्व है और जन भागीदारी से हम पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने आम जनमानस को भागीरथ एप्प में अपने गांव, क्षेत्र के क्रिटिकल/सूख रहे धारों, नौलों, सहायक नदियों की जानकारी साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार इस सूचना के आधार पर संबंधित जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर कार्य करेगी। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज निजमुला की छात्राओं और छिनका की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान भागीरथ मोबाइल एप्प को लेकर जानकारी दी गयी और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नई पहल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत आधार देते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक अभिनव पहल की घोषणा की है। अब मुख्यमंत्री जिस भी स्थान पर दौरे पर जाएंगे या जहां रात्रि विश्राम करेंगे, वहां अनिवार्य रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारियों सहित सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे इस पहल को मिशन मोड में लें और स्थानीय स्तर पर साफ-सफाई को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों, युवाओं और स्वयं सेवी संगठनों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। जहां-जहां मैं जाऊंगा या रात्रि विश्राम करूंगा, वहां स्वच्छता का संकल्प लिया जाएगा। यह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि वे राज्य के किसी भी तहसील दिवस में अचानक पहुंच सकते हैं, ताकि प्रशासन की जमीनी कार्यप्रणाली का आंकलन किया जा सके और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। यह पहल न केवल उत्तराखंड में सफाई व्यवस्था को नई दिशा देगी, बल्कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को जन-जन का अभियान बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

## ।। कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल ।।

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सतपुली पौड़ी गढ़वाल के क्षेत्रान्तर्गत निम्न वर्णित निर्माण कार्यों हेतु नगर पंचायत सतपुली में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा प्रणाली (Two Bid Syste) के अन्तर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड जिसमें सभी तकनीकी (CDR/FDR) सहित पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति (आयकर, जी0एस0टी0, ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र) एवं दूसरा लिफाफा वित्तीय विड जिसमें निग्न कार्य करने हेतु ठेकेदार द्वारा दरें प्रस्तुत करनी होगी। निविदाओं के प्रकाशन होने की तिथि से निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय नगर पंचायत सतपुली पौड़ी गढ़वाल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 23 जून 2025 को समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते है। सीलबंद निविदाएँ नगर पंचायत सतपुली कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 24 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ही स्वीकार की जाएँगी, जो कि उसी दिन अपराहन् 4:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की आंगणन लागत (G.S.T सहित) | ई0एम0डी0 धनराशि | योजना मद ना नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड नं0 02 में कॉम्प्लेक्स हॉल के सामने क्षतिग्रस्त नाली का पुननिर्माण एवं इंटर लॉकिंग टाईल्स बिछाने का कार्य। | 3.53 लाख | रू0 10,600/- | राज्य वित्त | रू0 1000 +18 प्रतिशत GST | 60 दिन | सी |
| 2 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड नं0 02 सेंटपॉल स्कूल रोड में शौचालय की मरम्मत एवं सेनिटरी फिटिंग का कार्य। | 0.90 लाख | - | राज्य वित्त | रू0 500 +18 प्रतिशत GST | 30 दिन | सी |
| 3 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर बैठने हेतु बैंच लगाने का कार्य। | 0.56 लाख | | राज्य वित्त | रू0 500 +18 प्रतिशत GST | 30 दिन | सी |

शर्तें– उपरोक्त निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति नगर पंचायत सतपुली के पास सुरक्षित रहेगा, जिसे किसी भी न्यायलय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**
**पौड़ी गढ़वाल**

## संक्षिप्त समाचार

### विंडस्ट्रीम टीवी एप्लिकेशन का किया शुभारंभ

देहरादून। दून में आईटी पार्क में निर्मित विंडस्ट्रीम टीवी एप्लिकेशन बुधवार को प्रेस क्लब देहरादून में लॉंचिंग की गई। संस्थापक विशाल कौशिक ने बताया कि विंडस्ट्रीम टीवी उत्तराखंड के युवाओं द्वारा निर्मित एक एप्लीकेशन है। इसके माध्यम से हम उत्तराखंड की संस्कृति और परंपरा को डिजिटल फॉर्म में देख और सुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के टेक्निकल एक्सपर्ट युवाओं द्वारा निर्मित यह आईपीटीवी प्लेटफॉर्म उत्तराखंड के मनोरंजन, स्पोर्ट्स, मूवी और डिजिटल क्रिएटर्स को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड का पहला आईपीटीवी प्लेटफॉर्म है और उत्तराखंड में ही बना है।

### गोल्डन लायनेस क्लब ने मनाया स्थापना दिवस

देहरादून। गोल्डन लायनेस क्लब का स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। भंडारीबाग स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। क्लब की पुष्पा भल्ला ने गोल्डन लायनेस क्लब के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्लब जरूरतमंदों की मदद के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी योगदान देता है। इसके अलावा सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। इस मौके पर कलब की अध्यक्ष राधा दास, सचिव सरीता कोहली, कमल बढ़ेरा, निर्मल गोयल, आभा शर्मा, किरन गोयल, नम्रता जायसवला, कुमकुम अग्रवाल, पूनम गर्ग, रूपा गुप्ता, पदमिनी जोशी आदि मौजूद रहे।

### प्रयोगशाला सहायकों ने की समय पर मानदेय भुगतान की मांग

उत्तरकाशी। जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक व कार्यालय सहायकों ने समय पर मानदेय पर मिलने पर नाराजगी जताई है। मुख्य शिक्षाधिकारी को पत्र लिखते हुए कार्मिकों ने समय पर वेतन न मिलने पर कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी है। प्रयोगशाला सहायक व कार्यालय सहायक संगठन जनपद उत्तरकाशी से जुड़े कार्मिकों ने मुख्य शिक्षाधिकारी को पत्र प्रेषित करते हुए कहा कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक व कार्यालय सहायक विगत कई वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, किन्तु विभाग द्वारा कभी भी कार्मिकों का मानदेय समय पर आहरित नहीं किया जाता है। जिस कारण कार्मिकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है तथा मानसिक रूप से उत्पीड़न भी महसूस कर रहे। लिखा है कि कार्मिकों को समय पर मानदेय न मिलने पर कई बार मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय उत्तरकाशी के चक्कर काटने पड़ते हैं।

चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस तरह की समस्या कार्मिकों के समक्ष उत्पन्न होती है तो समस्त कार्मिकों को मजबूरन कार्य बहिष्कार के लिये बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालय की होगी। पत्र में संगठन के अध्यक्ष अनिल चौहान, सचिव जीत सिंह पंवार, विपिन बलोदी, विनोद राणा, लक्ष्मण रावत, अनवर चौहान, दामोदर भट्ट आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस सत्यापन अभियान चलाए: कुसुम कंडवाल

ऋषिकेश। ऋषिकेश शहर में एक नाबालिग से हुए दुष्कर्म के मामले का महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बुधवार को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की और पीड़िता का हाल जाना।

महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल को परिजनों ने बताया कि उक्त आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने इंस्टाग्राम के माध्यम से अपनी बातों में उसे फंसा लिया था। मामले में ऋषिकेश पुलिस ने दो आरोपी युवकों को पॉक्सो के तहत गिरफ्तार किया। कुसुम कंडवाल ने एसपी देहात जया बलूनी से फोन पर वार्ता करते हुए ऋषिकेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे बाहरी लोगों के सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई की जाए जो बाहर से आकर शहर और समाज का माहौल खराब कर रहे हैं। वहीं उन्होंने रायवाला थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई नाबालिग के मामले में भी एसपी देहात जया बलूनी और एसओ डोईवाला से आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और पीड़िता की सुरक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने समाज के लोगो से भी अपील की है कि सभी अपने बच्चों की मॉनिटरिंग अवश्य करें।

# अच्छे प्रस्तावों के लिए बजट की कोई कमी नहीं : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को स्प्रिंग एण्ड रीवर रिजुविनेशन अथारिटी (सारा) की बैठक ली। बैठक में सारा के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की प्रगति समीक्षा, आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावों व 01 करोड़ से ऊपर की तीन योजनाएं मोथूगाड, आटागाड व चन्द्रभागा गदेरे के डीपीआर गठन को लेकर चर्चा की गयी। डीएम ने बैठक में गलत सूचना देने पर जल निगम के सहायक अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने क्रिटीकल जल स्त्रोतों, नदियों, जलाशयों के जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ व केदारनाथ वन प्रभाग को सारा के निर्धारित फॉर्मेट में डीपीआर तैयार करने के साथ ही अपने स्तर से कार्य करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर प्रस्ताव देने के निर्देश देते हुए कहा कि अच्छे प्रस्तावों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। साथ ही सिंचाई विभाग को सारा में प्रस्तावित चंद्रभागा गदेरे, सिंवाई की डीपीआर तैयार करते हुए शासन को भेजने और सूगी गदेरे की डीपीआर की क्वेरी को रिजॉल्व करते हुए शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। सारा के नोडल अरविन्द नेगी ने बताया कि सारा के अन्तर्गत जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए चाल खाल, खन्तियों, चेकडैम का निर्माण एवं वृक्षारोपण किया जा रहा है। बताया कि जनपद में 87 क्रिटीकल स्त्रोत चिन्हित किए गए हैं और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सारा में बद्रीनाथ डिवीजन ने 05 व केदारनाथ ने 04 व सिंचाई विभाग 03 ने प्रस्ताव दिए हैं। इस दौरान जिला विकास अधिकारी केके पंत, परियोजना निदेशक आनंद सिंह अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### एमडीआर टीबी का इलाज छह माह में शुरू

देहरादून। श्री महंत इन्देरेश अस्पताल में एमडीआर टीबी के मरीजों के लिए नई तकनीक से इलाज शुरू हो गया है। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल ने बीपालएम तकनीक से एमडीआर टीबी का उपचार शुरू किया है। एमडीआर टीबी उपचार के कोर्स को पूरा करने में पहले 18 से 24 महीने तक मरीज़ को दवा दी जाती थी। अब बीपालएम तकनीक से छह महीने में टीबी उपचार को पूर्ण किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। बुधवार को अस्पताल के छाती एवं श्वास रोग विभाग के एमडीआर वार्ड में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय पंडिता, विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश रावत ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। अस्पताल में डॉट्स एवं डीआरटीबी कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. श्रावणी कांची ने नई तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अभय प्रताप सिंह, डॉ. सिद्धांत कुमार, डॉ. विपिन सिंह, डा. चैतन्य सरदाना, डा. रमनदीप कालरा, डा. मान्वेन्द्र सिंह, डा. श्रिपा शर्मा, डा. आध्या कथूरिया, डा. लविश, डा. सुकृति आदि मौजूद रहे।

## जिलों में तहसील दिवस पर अचानक पहुंचेंगे सीएम धामी

देहरादून। सभी जिलाधिकारियों को जारी किए गए दिशा निर्देश जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के साथ ही धरातल पर होगी पड़ताल देहरादून, मुख्य संवाददाता। जिलों में होने वाले तहसील दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कभी भी अचानक पहुंचेंगे। सभी जिलाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जनसमस्याओं के तत्काल समाधान के साथ ही धरातल पर पड़ताल भी सुनिश्चित कराई जाएगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रशासन की कार्य प्रणाली का जमीनी आंकलन सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके लिए राज्य के किसी भी तहसील दिवस पर वे अचानक पहुंच सकते हैं। ताकि प्रशासन की जमीनी हकीकत के आंकलन के साथ ही जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन अभियान को मजबूत आधार देने को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक अभिनव पहल की घोषणा की। अब मुख्यमंत्री जिस भी स्थान पर दौरे पर जाएंगे, रात्रि विश्राम करेंगे, वहां अनिवार्य रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि यह पहल न केवल उत्तराखंड में सफाई व्यवस्था को नई दिशा देगी, बल्कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को जन–जन का अभियान बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारियों समेत सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों को भी इस सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए हैं। सभी को इस पहल को मिशन मोड में लेते हुए स्थानीय स्तर पर साफ–सफाई को प्राथमिकता देना होगा। आम नागरिकों, युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों से भी अपील की गई है कि वे इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें।

## ग्रामीणों ने मयाली में लगाया चार घंटे जाम

रुद्रप्रयाग : जखोली मुख्यालय के आसपास के गांवों में दो माह के भीतर तीन महिलाओं को आदमखोर गुलदार द्वारा शिकार बनाए जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने घनसाली-तिलवाड़ा मोटर मार्ग पर मयाली बाजार में चक्का जाम कर दिया। जबकि रुद्रप्रयाग की डीएफओ का भी घेराव किया। करीब चार घंटे जाम के बाद वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे वन कर्मी तैनात करने की मांग पर ग्रामीणों ने जाम खोला। बुधवार सुबह 9 बजे ग्रामीणों ने घनसाली-तिलवाड़ा मोटर मार्ग को जाम कर दिया। जबकि ममणी-जखोली वैकल्पिक मोटर मार्ग रैंज कार्यालय जाखणी के समीप चक्काजाम लगा दिया। इससे केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों सहित अन्य राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विरोध में व्यापारियों ने मयाली बाजार भी बंद किया। इस दौरान घटनास्थल की ओर जाती रुद्रप्रयाग डीएफओ कल्याणी का भी आक्रोशित भीड़ ने घेराव किया। जबकि शासन-प्रशासन, वन विभाग और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हालांकि बाद में लोगों के साथ लिखित आश्वासन के बाद दोपहर 1 बजे ग्रामीणों ने जाम खोला। निर्वतमान ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल के नेतृत्व में मयाली बाजार में ग्रामीणों ने चक्काजाम के साथ ही वन विभाग व स्थानीय विधायक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी की गई।

### बस्तियों में कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट करे नगर निगम

देहरादून। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान बस्तियों में सर्वेक्षण को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बस्तियों में उन लोगों को नोटिस दिए जा रहे हैं जो सौ या डेढ़ सौ मीटर दूरी पर बसे हैं। नोटिस में बेदखली प्रक्रिया किस कानून के अनुसार की जा रही है, इसका जिक्र नहीं है। बिजली पानी के बिलों के अलावा अन्य दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर मानने की बात कही। दस्तावेज जमा करने पर रीसिविंग देने की मांग की। इस दौरान उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के एडवोकेट हरबीर सिंह कुशवाहा, एटक के राज्य सचिव अशोक शर्मा, चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल शामिल रहे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के समर भंडारी ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया है।

## श्रीमद् भागवत पुराण यज्ञ कथा पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रसिद्ध मंदिर श्री डांडा नागराजा मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण यज्ञ कथा बुधवार को हवन यज्ञ में पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हो गई है।

पौड़ी मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध मंदिर श्री डांडा नागराजा मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जून प्रथम सप्ताह श्रीमद् भागवत पुराण कथा का 5 से और 11 जून तक आयोजन किया गया। कथा महान कथा वाचक नृसिंह पीठाधीशवर स्वामी रसिक महराज ने सुनाई।



कथा आयोजक श्री डांडा नागराजा धर्मक्षेत्र विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष देशवाल ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जन कल्याण एवं विश्व शांति के लिए यह श्रीमद् भागवत पुराण यज्ञ कथा का आयोजन किया गया। जिसमें श्री डांडा नागराजा मंदिर समिति पुजारी गणेश देशवाल, क्षेत्रीय जनता का अपार सहयोग रहा। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रदेश सचिव एवं डीपीएमआई के चेयरमैन डॉ. विनोद बछेती ने व्यास पीठाधीश रसिक महराज जी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश चमोली, सचिव राजेंद्र प्रसाद बिजलवान, कोषाध्यक्ष मुकेश बिष्ट, संयोजक बीरेंद्र प्रसाद भट्ट, पूर्व अध्यक्ष शशिकांत चमोली, शशिकांत भट्ट शास्त्री, कृष्ण कुमार सुंदरियाल, प्रमुख समाजसेवी गिरीश बलूनी, पवन थपलियाल आदि मौजूद रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने आयोग की नई पहलों के बारे में दी जानकारी

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशों के क्रम में बुधवार को सचिवालय में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं, सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने को किए जा रहे प्रयासों सहित अन्य सुधारात्मक पहलों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में ही मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। वहीं प्रदेश में नई पहल करते हुए मतदाता जागरुकता के लिए भी स्वीप गतिविधियों के माध्यम से माहवार अलग–अगल थीम पर कार्य किया जा रहा है। डॉ पुरुषोत्तम ने बताया कि आयोग द्वारा मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 से 1200 तक सीमित कर दी गई है। जिससे प्रदेश में लगभग 1 हजार से अधिक नए बूथ स्थापित किए जाएंगे। बताया कि नए बूथ स्थापित होने से मतदाताओं को और सुविधा होगी। बूथ पर लंबी लाइन नहीं लगेंगी और मतदाताओं के घर के समीप ही बूथ उपलब्ध हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोग के नए दिशा निर्देशों के अनुसार ऊंची इमारतों / कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। मतदाता सूची अपडेशन के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अपडेट किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर मोबाइल डिपोजिट केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप को अधिक मतदाता अनुकूल बनाया जाएगा। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

### राष्ट्रीय महिला आयोग सुनेगा महिलाओं की समस्याएं

देहरादून। राष्ट्रीय महिला आयोग 13 जून को दून में महिला जनसुनवाई करेगा। इसके लिए आयोग अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर की अध्यक्षता में 13 जून को पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जन सुनवाई में जिले से संबंधित वर्ष 2023, 2024 और 2025 की लंबित शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। इसके साथ ही महिला जन सुनवाई के दौरान देहरादून पुलिस स्तर पर लंबित करीब 40 शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सभी संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में 13 जून को पुलिस लाइन में आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम के लिए सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए है।

## उत्तराखंड में डबल इंजन सरकार पूरी तरह विफल: गरिमा

देहरादून। कांग्रेस ने उत्तराखंड में डबल इंजन सरकार को पूरी तरह विफल ठहराया। मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने केंद्र सरकार के 11 साल और राज्य सरकार के आठ साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए। कहा कि भाजपा नेता केंद्र सरकार के 11 साल के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बता रहे हैं। कहा कि केंद्र सरकार के 11 सालों का लेखा–जोखा देने से पहले प्रदेश की भाजपा सरकार को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार को सत्ता में आए आठ वर्ष पूरे हो चुके हैं। प्रचंड बहुमत की सरकार होने के बावजूद सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है। कहा कि इन आठ सालों के शुरुआत पांच सालों में भाजपा ने राज्य को अस्थिरता का माहौल दिया। बार बार सीएम बदल कर विकास कार्यों को बाधित किया। इन सालों में एक के बाद एक घपले, घोटाले होते रहे। इन आठ सालों में सिर्फ रिवर्स पलायन की बात हुई। जबकि हकीकत ये है कि आज भी राज्य में चार हजार से अधिक गांव वीरान हैं। रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग गांव छोड़ने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। पर्यावरण असंतुलन के कारण जोशीमठ जैसी आपदा हुई। महिला अपराधों में इजाफा हुआ। सिर्फ विकास कार्यों का प्रचार हो रहा है। सरकार का ध्यान सिर्फ सांप्रदायिक तुष्टिकरण और ध्रुवीकरण पर केंद्रित है। थूक जेहाद, लैंड जेहाद, लव जिहाद, धर्मांतरण कानून, बुलडोजर पॉलिटिक्स और यूसीसी पर ही सरकार सीमित है।

## यूपीसीएल मैनेजमेंट पर शासन को गुमराह करने का आरोप

देहरादून। ऊर्जा निगम में सहायक अभियंता वरिष्ठता सूची का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को पॉवर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने यूपीसीएल मुख्यालय पर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। यूपीसीएल मैनेजमेंट पर शासन को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही यूपीसीएल मानव संसाधन विभाग के अफसरों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र सैनी ने क्रमिक अनशन में कहा कि सहायक अभियंताओं की वर्ष 2009 की ज्येष्ठता सूची में वर्ष 2010 के सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं को रखे जाने का विरोध किया। कहा कि यूपीसीएल के मानव संसाधन विभाग के कुछ चुनिंदा अधिकारियों ने हाईकोर्ट के आदेशों का पालन कराने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया। नियमों, संशोधनों को छुपाते हुए सरकार और शासन को भ्रमित करते हुए ज्येष्ठता सूची जारी की। कहा कि एसोसिएशन और पदोन्नत सहायक अभियंताओं को पक्ष रखने का भी मौका नहीं दिया गया। मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों ने कमेटी को सहायक अभियंताओं के प्रतिवेदन तक प्रस्तुत नहीं किए। सुनील उनियाल ने कहा कि यूपीसीएल ने कोर्ट के आदेश को कमेटी से छिपाया। सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं को नियुक्ति से पूर्व विज्ञापन की तिथि से ज्येष्ठता दी। मैनेजमेंट पूरी तरह एकतरफा कार्यवाही कर रहा है।

### जमीन के नाम पर व्यक्ति से एक रुपये की धोखाधड़ी

देहरादून। राजपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति से जमीन दिलाने के नाम पर एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से एक आरोपी ने खुद को उत्तराखंड सरकार का बड़ा अफसर बताया। पुलिस के अनुसार, चंद्र शेखर लटवाल निवासी जीएमएस रोड ने तहरीर दी कि वो देहरादून में भूमि की तलाश कर रहे थे। उनकी मुलाकात प्रोपर्टी डीलर विरेंद्र सिंह से हुई। विरेंद्र ने उन्हें दीपक शर्मा निवासी चन्द्रबनी देहरादून से मिलवाया। दीपक ने बताया कि वो अपनी जमीन बेचना चाहता है। इसके बाद दीपक ने उनकी मुलाकात राकेश मिश्रा से करवाई। बताया गया कि मिश्रा दीपक का सहयोगी है। दीपक शर्मा ने खुद को उत्तराखंड शासन में अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि वो एक यूनिवर्सिटी में कार्यरत है। इसके बाद दीपक शर्मा, राकेश मिश्रा ने 21 नवंबर 2023 को उनके साथ चालंग परगना परवादून जिला देहरादून की एक जमीन का अनुबन्ध पत्र किया। इसकी एवज में उनसे एक करोड़ रुपये लिए गए।

## पुष्पा स्टाइल में हो रही थी लीसे की तस्करी, 160 टिन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा। वन संपदा की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से अवैध रूप से ले जाया जा रहा 160 टिन लीसा बरामद किया। पुष्पा फिल्म की तर्ज पर ट्रक के केबिन में छिपाकर की जा रही इस तस्करी में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कोतवाली प्रभारी योगेश चंद्र उपाध्याय और एसओजी प्रभारी भुवन चंद्र जोशी के नेतृत्व में गठित टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई की।



मंगलवार को अल्मोड़ा के आरटीओ कार्यालय के समीप केंद्रीय विद्यालय की ओर जा रहे ट्रक संख्या यूके04–सीए–4276 को रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस को ट्रक के अंदर एक केबिन बना मिला, जिसमें लीसे से भरे 160 टिन के कनस्तर छिपाकर रखे गए थे। पूछताछ में चालक की पहचान दीपक कुमार आर्या (37 वर्ष) निवासी विजयपुर, थाना द्वाराहाट, जनपद अल्मोड़ा, वर्तमान पता मुरारजीनगर, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल के रूप में हुई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली अल्मोड़ा में भारतीय वन अधिनियम की धाराओं 26/41/42/52 के तहत मुकदमा दर्ज कर ट्रक को सीज कर दिया है।

## धारचूला में कमलेश हत्याकांड के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, फांसी देने की मांग



पिथौरागढ़। धारचूला में शनिवार को हुए 23साल की युवक की हत्या के बाद दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवार को लोग यहां तवाघाट चौराहे में एकत्र हुए।जहां से कमलेश के हत्यारों को फांसी की मांग करते हुए नगर में प्रदर्शन किया।लोगों ने कहा दोषी नहीं पकड़े गए तो वे अब शांत नहीं बैठेंगे। प्रदर्शनियों ने सभा कर पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए।कहा पुलिस की लापरवाही से अभी तक दोषी स्वतंत्र घूम रहे हैं। पूर्व सैनिकों के साथ विभिन्न संगठनों के लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान नगर की सड़कों में जाम की स्थिति रही।

### ट्रैक पर निकले दो युवक जंगल में भटके

देहरादून। भद्रराज मंदिर ट्रैक पर निकले दो लोग रास्ता भूलने के कारण जंगल में भटक गए। सूचना के बाद रात में ही पुलिस दोनों की तलाश शुरू कर दी और काफी प्रयास के बाद दोनों को ही सकुशल ढूंढ लिया। मसूरी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह कुंवर ने बताया कि मंगलवार रात सिटी कंट्रोल रूम को दो युवकों के भ्रदराज ट्रैक पर लापता होने की सूचना मिली। रात में जंगली जानवरों से खतरे के अंदेशे को देखते हुए हैप्पी वैली में नियुक्त चीता टीम को रात में भी युवकों की तलाश में भेजा गया। रात में घने जंगल में पुलिस कर्मियों के खोज अभियान के बाद दोनों युवकों को तलाश लिया गया। लापता हुए युवकों में 28 वर्षीय निखिल कुमार सिंह निवासी डिपार्टमेंट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस मीडिया विलेज डेल कोर्टयार्ड यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा और 31 वर्षीय मनप्रीत कौर थे।

## यूपीसीएल एई वरिष्ठता सूची पूरी तरह नियमानुसार

देहरादून। उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने यूपीसीएल सहायक अभियंता वरिष्ठता सूची को पूरी तरह नियमानुसार करार दिया। एमडी यूपीसीएल पर जल्द ईई के खाली पदों पर प्रमोशन को दबाव बनाया।

कहा कि वरिष्ठता सूची इंजीनियरिंग सेवा नियमावली 1970 और ज्येष्ठता नियमावली 1998 के अनुरूप ही तैयार हुई है। महासचिव राहुल चानना ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों और यूपीसीएल में लागू सेवा नियमों के अनुरूप ही वरिष्ठता सूची का निर्धारण किया गया है। ऐसे में अब जल्द प्रमोशन कर पूरे प्रकरण का पटाक्षेप किया जाए। कहा कि वरिष्ठता सूची में पूरी तरह नियमों का पालन किया गया है। सवाल उठाने वालों को इंजीनियरिंग सेवा नियमावली 1970 और जेष्ठता नियमावली 1998 का अध्ययन करना चाहिए। कहा कि झूठ बोल कर शासन, सरकार को गुमराह करना बंद किया जाए। कहा कि अब एक दशक से चले आ रहे विवाद का निस्तारण हो गया है। ऐसे में अधिशासी अभियंता के 93 स्वीकृत पदों में खाली चल रहे 40 पद पर तत्काल प्रमोशन किए जाएं। ताकि दोहरे, तिहरे चार्ज की व्यवस्था खत्म हो। 16 साल से प्रमोशन का चला आ रहा इंतजार भी समाप्त हो। चेतावनी देते हुए कहा कि अब किसी भी दबाव में वरिष्ठता सूची में कोई छेड़छाड़ न की जाए।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com